दिनांक 14.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/लोक सुराज अभियान का लक्ष्य समाधान शिविर का उद्‌देश्य आवेदनों को निराकरण कर हितग्राहियों को लाभन्वित किये जाने के साथ–साथ शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी नागरिकगणों को उपलब्ध कराना है। शिविर स्थल पर कौशल प्राप्त युवा जो स्वरोजगार से जुड गये है। उनका अनुभव भी साझा होना चाहिए।

उक्त उदगार वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विद्यारत्न भशीन छत्तीसगढ़ शासन के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुनील कुमार कुजुर, जिलाधीश उमेश अग्रवाल,आयुक्त के.एल.चौहान ने निगम द्वारा शासकीय नवीन प्राथमिक शाला केम्प–2 वार्ड–22 के प्रांगण में आयोजित लोक सुराज अभियान 2018 तृतीय चरण लक्ष्य समाधान शिविर स्थल पर उज्जवला गैंस, राशन कार्ड, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं मजदूर कार्ड के पात्र हितग्राहियों को योजना के तहत् सामाग्री एवं प्रमाण पत्र वितरण करते हुए दिये। प्रांतः 10 बजे से आयोजित शिविर में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री कुजूर एवं जिलाधीश श्री अग्रवाल शिविर स्थल पर पहुंच कर प्रत्येक काउन्टर का अवलोकन कर हितग्राहियों के प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी लिये । लक्ष्य समाधान के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत राधा बाई,कांति शर्मा,बबीता सोनकर,रेखा बाई साहू,मीना बाई,को गैस चुल्हा, श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र योजना के तहत दिनेश बाबने, खिलेश्वरी साहू,सुधाकर माहुरे को मजदुर कार्ड , बी.पी.एल.राशन कार्ड योजना के तहत कामेश वर्मा,जितेन्द्र कुमार वर्मा,अनिता शांडिल्य,नजमा बेगम,सकीना बानो,फरजाना,तफीतुल नौशाबा शाहिन,नौशा शाहिन को नवीन राशन कार्ड का वितरण किया गया । राष्ट्रीय शहरी आजीविका के अन्तर्गत प्रशिक्षण उपरान्त उत्तीर्ण मनमोहन कोल,प्रेम कुमार,देवेन्द्र कुमार निषाद,पवन वर्मा,सुरेश मंडावी,जितेन्द्र विशाल सिंग,गौरव काम्बले, विपिन हर्ष जैन,केशव,सूरज साव,राजेश बिसाई को प्रमाण पत्र तथा कुमारी आरती, किरण,मनीषा,नम्रता,नीरू जोशी,श्वेता साहू को नर्सिंग के अन्तर्गत बेड साइड असिस्टेंट का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ं। शिविर में कुल 19 आवेदन नागरिकों द्वारा मांग के जमा करवाए गये है।

कैम्प 2 में वार्ड 20,22 एवं 23 के निवासियों के लिए लगाए गये इस शिविर में क्षेत्र के निवासियों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का आवेदन भी प्रस्तुत किया तथा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना के बीमा फार्म भरवाए सौभाग्य योजना के तहत जिन हिग्राहियों के घरो में बिजली के कनेक्सन लगाये गये उन्हें एल.ई.डी.बल्ब प्रदान किया गया । शिविर स्थल पर उपस्थित हुए क्षेत्र के नागरिको के आवश्यक सहयोग हेतु पार्षद विनोद चेलक,समाजसेवी त्रिलोचन देशमुख मौजुद रहे । शिविर में नागरिको को सुविधा जनक ढंग से सभी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त हो इसके लिए शासन के सभी योजनाओं का फेलेक्स लगाये गये थे साथ ही ए.ई. डी.टी.व्ही. के माध्यम से प्रसारित भी किया जा रहा था जिसका उपस्थित नागरिको ने लाभ उठाया ।

जिलाधीश के पहल पर दिव्यांग हितग्राही नरसिंग साहू को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित किये जाने हेतु आयुक्त के.एल.चौहान ने विभाग के प्रभारी एस.पी.साहू को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त दिव्यांग

हितग्राही से आवश्यक दस्तावेज एवं राशि जमा करवाकर प्राथमिता के आधार पर आवास उपलब्ध कराने की कार्यवाही करें ।

जनसपंर्क विभाग
नगर पालिक निगम, भिलाई